# UGC NET PAPER 2 JUNE 26, 2005 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**Read the passage given below and answer the questions that follow, based on your understanding of the passage :**

The Guild (Sréni), a form of industrial and mercantile organisation which played as big a part in the economy of ancient India as it did in that of most other ancient or medieval civilisations. There are faint and uncertain references to some sort of guild organisations even in vedic literature, and by the time of composition of the Buddhist scriptures, guilds certainly existed in every important Indian town, and embraced almost all trades and industries - we even read of a guild of thieves.

The Guild united both the craftsmen's cooperatives and the individual workman of a given trade into a single corporate body. It fixed rules of work and wages, and standards and prices for the commodities in which its members dealt, and its regulations had the force of law and were upheld by the King and Government. Over its own members, the guild had judicial rights, which were recognized by the State. A guild court could, like a caste council, expel a refractory member, a penalty which would virtually preclude him from practising his ancestral trade and reduce him to beggary. We read in Buddhist literature of Guild Courts settling quarrels between members and their wives and the rules of the Buddhist Order lay down that a married woman may not be ordained a nun without a consent of her husband and his guild. Thus the guild had power not only over the economic, but also over the social life of its members. It acted as guardian of their widows and orphans, and as their insurance against sickness. Its powers and functions in this respect were very similar to those of caste councils in more recent times, and, though some authorities would disagree with us, we cannot but conclude that the guilds played an important part in the evolution of trade castes.

The Guild was headed by a chief usually called the "Elder" (jyeshthaka, in pali jetthaka), who was assisted by a small council of senior members. The office of elder was usually hereditary and held by one of the richest members of the guild. In the pali scriptures, the Elder is invariably described as a very wealthy man, often with much influence at the palace, and counselling the king himself. The Guilds had a corporate life, symbolized, as in medieval europe, by the possession of banners, and also of chauris, the ceremonial yak's tail fly-whisks which bear insignia of nobility. These and other emblems were sometimes granted by royal charter, and were carried in local religious processions by the guildsmen. Some guilds again like those of medieval Europe, had their own militias which served as auxiliaries of the kings' armies in time of need.

**1.** The author is mainly concerned with :

(A) a discussion on the origin and development of the guild system

(B) the Constitution and functions of the guilds

(C) the judicial powers of the guilds over their members

(D) the role of guilds in the socio-economic life in ancient India

Prepp
Your Personal Exams Guide

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**निम्नलिखित गद्यांश का अध्ययन कीजिए और अपनी क्षमता के आधार पर दिये हुये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

आर्थिक संघ (श्रेणी) एक रूप में उद्योग तथा वाणिज्य का संगठन था जिसने भारत की अर्थव्यवस्था में उतना ही महत्वपूर्ण कार्य किया जितना इसने किसी प्राचीन अथवा मध्ययुगीन अन्य सभ्यता की अर्थ व्यवस्था में किया। वैदिक साहित्य में भी कुछ प्रकार के आर्थिक संघों जैसे संगठनों के धूमिल और अनिश्चित उल्लेख प्राप्त होते हैं, किन्तु बौद्ध ग्रन्थों के रचना काल तक ये संघ निश्चित रूप से भारत के प्रत्येक बड़े नगर में स्थापित थे और लगभग सभी प्रकार के व्यापार तथा व्यवसाय को अपनी सीमा में बाँधे हुये थे। तस्करों तक के संगठनों का उल्लेख प्राप्त होता है।

आर्थिक संघों ने कारीगरों के सहकारी संघों एवं व्यापार विशेष के व्यक्तिगत श्रमिकों को एक ही सहकारी संस्था में संयुक्त कर दिया। इसने कार्य तथा वेतन के नियमों और जिन वस्तुओं का इसके सदस्य व्यापार करते थे, उनके स्तर तथा मूल्य निश्चित किये। इनके नियमों में कानून की शक्ति थी और राजा तथा शासन द्वारा उनका समर्थन किया जाता था। संघों को अपने निजी सदस्यों पर न्याय सम्बन्धी अधिकार प्राप्त थे जिनकी मान्यता राज्य को भी स्वीकार थी। संघ की निर्णयकारिणी सभा जातीय पंचायत के समान एक पथभ्रष्ट सदस्य का निष्कासन कर सकती थी जो एक ऐसा दण्ड था जिससे वह अपने पूर्वजों का व्यापार करने से वंचित कर दिया जा सकता था और नितान्त भिक्षावृत्ति की स्थिति को प्राप्त हो जाता था। बौद्ध साहित्य में ऐसी संघीय न्याय सभाओं का उल्लेख के विवाद शान्त किया करती थी। बौद्ध व्यवस्था के नियमों में यह निश्चित था कि कोई विवाहित नारी अपने पति एवं पति के संघ आज्ञा बिना भिक्षुणी न बनायी जाय। इस प्रकार संघ अपने सदस्यों के आर्थिक ही नहीं वरन् सामाजिक जीवन पर भी अधिकार रखता था। सदस्यों की बिधवाओं एवं अनाथों के अभिभावक के रूप में तथा उनकी रूग्णावस्था की सुरक्षा के आश्वासन के रूप में वह कार्य करता था। इस क्षेत्र में उनके अधिकार तथा कार्य आधुनिक जातीय पंचायतों के अनुरूप थे और यद्यपि कुछ विद्वान हमसे सहमत न होने किन्तु हम निश्चय रूप से इस परिणाम पर पहुँचते हैं कि व्यवसाय के आधार पर बनी जातियों के उदय में आर्थिक संघों ने महत्वपूर्ण योग दिया।

संघ का नेतृत्व एक प्रधान किया करता था, सामान्यतया जो ज्येष्ठ (पाली जेट्ठ) कहलाता था और जिनके सहयोग के लिये वरिष्ठ सदस्यों की समिति होती थी। ज्येष्ठ का पद परम्परागत था जिसे आर्थिक संघ का सर्वाधिक धनि सदस्य धारण किये रहता था। पाली ग्रन्थों में सर्वत्र ज्येष्ठ को अत्याधिक धनि के रूप में चित्रित किया गया है जिसका राज्य भवन पर बड़ा प्रभाव होता और जो स्वयं राजा का परामर्शदाता होता था। आर्थिक संघों का सहयोगी जीवन का और मध्ययुगीन युरोप की क्रांति ध्वजा तथा मृगपुच्छकेश पुंजों से बने ज्येष्ठता के प्रतीक चँवरों से जिनकी प्रतीति होती थी. ये और अन्य चिन्ह कभी कभी राजाज्ञा से प्रदान किये जाते थे और संघों के सदस्य स्थानीय उत्सवों में उन्हें साथ ले जाते थे कुछ संघ मध्ययुगीन युरोप की क्रांति अपनी निजी सेना-व्यवस्था रखते थे जो आवश्यकता के समय पर सहायक सेना के रूप में राजा की सेना की सेवा करती थी।

1. लेखक का ध्यान मुख्यत: ................ से है ।
   (A) श्रेणी पद्धति की उत्पत्ति तथा विकास की चर्चा
   (B) श्रेणियों के संविधान तथा कार्य
   (C) श्रेणियों के सदस्यों पर उनके न्यायिक अधिकार
   (D) प्राचीन भारत में श्रेणियों के सामाजिक तथा आर्थिक जीवन पर उनकी भूमिका

2. According to the author, the principal role played by the guild was :
(A) to act as guardian of the widows and orphans
(B) to fix rules for work and wages
(C) to make regulations for the members of the guild
(D) to help the growth of trade and commerce

3. The term "Elder" (jyeshthaka) signifies :
(A) a rich merchant (B) an elected merchant
(C) a hereditary and wealthy merchant (D) a selected courtier

4. Which of the following was not used as a symbol of the guild ?
(A) chauris (B) militia (C) banners (D) insignia of nobility

5. The tone of the passage is :
(A) laudatory (B) analytical (C) descriptive (D) critical

6. Which of the following Harappan sites has yielded evidence of furrow marks in cultivation ?
(A) Lothal (B) Banavali (C) Kalibangan (D) Dhaula Vira

7. Which of the following is not related to the vedic period ?
(A) Sabha (B) Samiti (C) Dharmasana (D) Vidatha

8. The theory of syadvada is associated with :
(A) Buddhism (B) Jainism
(C) Sankhya philosophy (D) Vedanta philosophy

9. Which of the following inscriptions refers to the erection of a Garuda Pillar by a Greek national ?
(A) Eran Inscription (B) Sanchi Inscription
(C) Besnagar Inscription (D) Bharhut Inscription

10. The Gupta rulers had established matrimonial relations with a number of royal families. Give the answer as per the code.
(a) Vakatakas (b) Lichchhavis (c) Nagas (D) Sakas
Codes :
(A) (a), (b) and (c) (B) (b) and (d)
(C) (a) and (b) (D) (a), (b), (c) and (d)

11. Who among the following, granted for the first time, fiscal and administrative immunities, to the Buddhist monks ?
(A) Gautamīputra śātakarni (B) Aśoka
(C) Hāla (D) Yajña śātakarni

2. लेखक के अनुसार श्रेणियों की अहम् भूमिका थी :
   (A) अनाथ तथा विधवाओं के लिए अभिभावक के रूप में कार्य करना
   (B) कार्य तथा वेतन के नियम निश्चित करना
   (C) श्रेणियों के सदस्यों के लिए अधिनियम बनाना
   (D) वाणिज्य तथा व्यापार के विकास में सहायता करना

3. ''ज्येष्ठक'' शब्द ईंगित करता है :
   (A) एक धनि व्यापारी (B) एक निर्वाचित व्यापारी
   (C) एक पैत्रिक तथा धनि व्यापारी (D) एक चुने हुए राजदरबारी

4. निम्नलिखित प्रतीकों में से कौनसा प्रतीक श्रेणियों द्वारा प्रयुक्त नहीं किया जाता था?
   (A) चौरी (B) सैनिक (C) ध्वज (D) सामन्तशाही का चिन्ह

5. उपर्युक्त गद्यांश का भाव है :
   (A) प्रशंसात्मक (B) विश्लेषणात्मक (C) विवरणात्मक (D) आलोचनात्मक

6. निम्नलिखित किस हड़प्पा कालीन स्थल से हल चलाने के साक्ष्य प्राप्त होते है?
   (A) लोथल (B) बनावली (C) कालीबंगान (D) धौला वीरा

7. निम्नलिखित में से कौनसा वैदिक काल से सम्बन्धित <u>नहीं</u> था?
   (A) सभा (B) समिति (C) धर्मासन (D) विदथ

8. 'स्याद्वाद' की परिकल्पना __________ से सम्बन्धित है :
   (A) बौद्ध धर्म (B) जैन धर्म (C) सांख्य दर्शन (D) वेदान्त दर्शन

9. निम्नलिखित अभिलेखों में से किसमें एक ग्रीक नागरिक द्वारा गरुड स्तम्भ स्थापित करने का उल्लेख है?
   (A) एरण अभिलेख (B) साँची अभिलेख
   (C) बेसनगर अभिलेख (D) भरहुत अभिलेख

10. गुप्त सम्राटों ने कई राज्यवंशों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किये थे। कूट के अनुसार उत्तर दीजिये :
    (a) वाकाटक (b) लिच्छवि (c) नाग (D) शक
    कूट :
    (A) (a), (b) और (c) (B) (b) और (d)
    (C) (a) और (b) (D) (a), (b), (c) और (d)

11. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम आर्थिक तथा शासन सम्बन्धी उन्मुक्ति बौद्ध भिक्षुओं को प्रदान की थी?
    (A) गौतमीपुत्र शातकर्णी (B) अशोक
    (C) हाल (D) यज्ञ शातकर्णी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** Which of the following statements is true about the Kushāna period ?

(A) issue of silver coins on a large scale

(B) flourishing of the Gandhara School of Art

(C) patronage of Amarsimha

(D) extension of the Kushana empire upto Bengal

**13.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Harsha | (i) | Harshacharita |
| (b) | Vijñaneśvara | (ii) | Samarangan Sūtradhāra |
| (c) | Bhoja | (iii) | Priyadarśika |
| (d) | Bána | (iv) | Mitákshara |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**14.** Match List-I with List-II and choose your answer from the code given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Nivartana | (i) | a tax |
| (b) | Kara | (ii) | a gold coin |
| (c) | Śulka | (iii) | a toll |
| (d) | Gadyána | (iv) | Land revenue |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**15.** Given below are two statements, one labelled as Assertion **(A)**, and the other labelled as Reason **(R)** :

**Assertion (A)** : Indo-Roman trade activity declined in the 3rd-4th century A.D.

**Reason (R)** : Brahmanical ascendancy in society led to the restrictions on sea-travel.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Code :**

(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong

(B) Both **(A)** and **(R)** are correct

(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct

(D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

**12.** कुषाण काल के लिये निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य है?

(A) रजत-मुद्राओं का अधिकाधिक प्रचलन
(B) गान्धार कला-शैली का विकसित होना
(C) अमरसिंह का संरक्षण
(D) कुषाण साम्राज्य का बंगाल तक विस्तार

**13.** सूची-I से सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची-**I** | | सूची-**II** |
|---|---|---|---|
| (a) | हर्ष | (i) | हर्षचरित्र |
| (b) | विज्ञानेश्वर | (ii) | समरांगण सूत्रधार |
| (c) | भोज | (iii) | प्रियदर्शिका |
| (d) | बाण | (iv) | मिताक्षर |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**14.** सूची-I से सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची-**I** | | सूची-**II** |
|---|---|---|---|
| (a) | निवर्तन | (i) | टैक्स |
| (b) | कर | (ii) | स्वर्ण-मुद्रा |
| (c) | शुल्क | (iii) | पथकर |
| (d) | गद्याण | (iv) | भू-राजस्व |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**15.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को कथन **(A)** कहा गया है और दूसरे को कारण **(R)** :

**कथन (A)** : हिन्द-रोमक व्यापारिक सम्बन्ध तीसरी-चौथी ई. शताब्दी में पतनोन्मुख हुआ।

**कारण (R)** : समाज में ब्राह्मणों के प्रभुत्व ने सामुद्रिक यात्रा पर प्रतिबन्ध लगाये।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

**कूट :**

(A) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(B) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही है।
(C) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।
(D) **(A)** तथा **(R)** दोनों गलत है।

16. According to Ziauddin Barani the nobles of which of the following sultans were always heavily in debt to the great merchants and money lenders of Delhi ?

(A) Balhan (B) Jalaluddin Khalji

(C) Ghiyasuddin Tughlaq (D) Muhammad Tughlaq

17. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Alaud-Din Khalji | (i) | His policy of increasing agrarian taxation led to a peasant revolt |
| (b) | Ghiyas-ud-Din Tughlaq | (ii) | He introduced the system which later on came to be called as <u>kankut</u> |
| (c) | Muhammad Tughlaq | (iii) | He abolished most of the agrarian cesses imposed by his predecessors |
| (d) | Feroz Tughlaq | (iv) | He gave concessions to <u>khuts</u> and <u>mugaddams</u> |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

18. Given below are two statements, one labelled as Assertion **(A)**, and the other labelled as Reason **(R)** :

**Assertion (A)** : Mohammad Tughlaq was the first sultan to visit the tomb of Muinuddin Chishti at Ajmer.

**Reason (R)** : He was a strong believer in mysticism.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Code :**

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

19. Arrange the following in descending order to depict the hierarchical structure of the rural society. Select the answer from the code given below :

(i) khuts and mugaddams (ii) reza ri`aya

(iii) ra`is and ranas (iv) balhars

**Code :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv) (B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (iii), (i), (ii), (iv) (D) (iv), (ii), (i), (iii)

**16.** जियाउद्दीन बरनी के अनुसार किस सुल्तान के शासन काल के अमीर सवेदा दिल्ली के बड़े व्यापारियों और ऋणदाताओं के भारी कर्जदार रहते थे ?

(A) बलबन (B) जलालुद्दीन खलजी

(C) ग्यासुद्दीन तुगलक (D) मुहम्मद तुगलक

**17.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अलाउद्दीन खलजी | (i) | उसकी कृषीय कर बढ़ाने की नीति ने किसान विद्रोह को जन्म दिया। |
| (b) | गियासुद्दीन तुगलक | (ii) | उसने उस प्रथा को जारी किया जिसे अगले समय की कनकूत के नाम से जाना गया। |
| (c) | मुहम्मद तुगलक | (iii) | उसने अपने पूर्वशासकों द्वारा लगाये कई कर हटा दिये। |
| (d) | फिरोज तुगलक | (iv) | उसने खुत और मुकद्दमों को रियायतें प्रदान की। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**18.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन **(A)** कहा गया है और दूसरे को कारण **(R)**

**कथन (A)** : मुहम्मद तुगलक प्रथम सुल्तान था जिसने अजमेर में स्थित मुइनुद्दीन चिश्ती के मकबरे की यात्रा की।

**कारण (R)** : उसका रहस्यावाद में अटूट विश्वास था।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**19.** ग्रामीण समाज के सोपानात्मक ढाँचें को चित्रित करने की उद्देश्य से निम्नलिखित को ऊपर से नीचे के क्रम में सुव्यवस्थित करे, और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें।

(i) खुत एवं मुकद्दम (ii) रेजा रिआया

(iii) राय और राणा (iv) बलहार

**कूट :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv) (B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (iii), (i), (ii), (iv) (D) (iv), (ii), (i), (iii)

Prepp Your Personal Exams Guide

**20.** The institution of slavery underwent a perceptible decline after the :

(A) 13th Century (B) 14th Century

(C) 15th Century (D) 16th Century

**21.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

| | **List-I** **(Vijayanagara ruler)** | | **List-II** **(Period)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Harihara II | (i) | 1406-1422 |
| (b) | Devaraya I | (ii) | 1377-1404 |
| (c) | Virupaksha II | (iii) | 1503-1509 |
| (d) | Vira Narasimha | (iv) | 1465-1485 |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**22.** Arrange the following in sequence in which they appeared, and select the answer from the code given below :

(i) Abdur Razzaq (ii) Bernier

(iii) Marco Polo (iv) Thomas Roe

**Code :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii) (B) (ii), (iv), (iii), (i)

(C) (iii), (i), (iv), (ii) (D) (iv), (ii), (i), (iii)

Prepp Your Personal Exam Guide

**23.** Who among the following Bahmani rulers shifted the Bahmani capital from Gulbarga to Bidar ?

(A) Ahmad Shah (B) Firuz Shah

(C) Muhammad Shah II (D) Ghiyasuddin

**24.** Arrange the following in chronological order. Select the correct answer from the code given below :

(i) Lal Darwaza Masjid (ii) Baŕa Sona Masjid

(iii) Tomb of Ghiyasuddin Tughlaq (iv) Jami Masjid at Ahmedabad

**Code :**

(A) (iv), (i), (iii), (ii) (B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (ii), (iii), (i), (iv) (D) (i), (ii), (iv), (iii)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** दास प्रथा की स्पष्ट रूप से अवनति किस शताब्दी की पश्चात हुई ?

(A) तेरहवीं शताब्दी (B) चौदहवीं शताब्दी

(C) पन्द्रहवीं शताब्दी (D) सोलहवीं शताब्दी

**21.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट में से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I (विजयनगर के शासक)** | | **सूची-II (शासन काल)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | हरिहर द्वितीय | (i) | 1406-1422 |
| (b) | देवराय प्रथम | (ii) | 1377-1404 |
| (c) | विरुपाक्ष द्वितीय | (iii) | 1503-1509 |
| (d) | वीर नरसिम्हा | (iv) | 1465-1485 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**22.** निम्नलिखित को कालक्रम में सुव्यवस्थित करे और सही उत्तर का चयन निम्नलिखित कूट में से करें :

(i) अब्दुर रज्जाक (ii) बर्नियर

(iii) मार्को पोलो (iv) थॉमस रो

**कूट :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii) (B) (ii), (iv), (iii), (i)

(C) (iii), (i), (iv), (ii) (D) (iv), (ii), (i), (iii)

**23.** निम्नलिखित में से किस बहमनी शासक ने बहमनी रजधानी को गुलबर्गा से बीदर स्थानान्तरणकिया ?

(A) अहमद शाह (B) फिरोज शाह

(C) मुहम्मद शाह द्वितीय (D) ग्यासुद्दीन

**24.** निम्नलिखित को कालानुक्रम में व्यवस्थित करे और सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट में से करे :

(i) लाल दरवाजा मस्जिद (ii) बड़ा सोना मस्जिद

(iii) ग्यासुद्दीन तुगलक मकबरा (iv) अहमदाबाद की जामी मस्जिद

**कूट :**

(A) (iv), (i), (iii), (ii) (B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (ii), (iii), (i), (iv) (D) (i), (ii), (iv), (iii)

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** Given below are two statements, one labelled as Assertion **(A)**, and the other labelled as Reason **(R)** :

**Assertion (A)** : The medieval Indian culture bears deep imprints of Persian and Central Asian traditions.

**Reason (R)** : The ruling class patronized only the Persian and Central Asian culture.

In the context of the above statements, which one of the following is correct ?

**Code :**

(A) Both **(A)** and **(R)** are correct, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(B) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanationof **(A)**
(C) **(A)** is true, but **(R)** is false
(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

**26.** Which of the following is not correctly matched ?

(A) Battle of Chausa - June, 1535
(B) Death of Sher Shah - May, 1545
(C) Bairam Khan's regency - 1556 to 1560
(D) Treaty of Purander - 1665

**27.** Which of the following was not a coin ?

(A) muzaffari (B) muhar (C) anna (D) do dami

**28.** Arrange the following in chronological order, and select the correct answer from the code given below :

(i) Introduction of the dagh system
(ii) Introduction of the dual rank (zat and sawar)
(iii) Creation of twelve subahs (provinces)
(iv) Introduction of the dahsala system

**Code :**

(A) (i), (ii), (iv), (iii) (B) (ii), (i), (iv), (iii)
(C) (iii), (iv), (i), (ii) (D) (i), (iv), (iii), (ii)

**29.** The zabt system was established in the Deccan in the later years of Shahjahan's reign by :

(A) Murshid Quli Khan (B) Shahji Bhosle
(C) Danishmand Khan (D) Diler Khan

**30.** Given below are two statements, one labelled as Assertion **(A)**, and the other labelled as Reason **(R)** :

**Assertion (A)** : During the first half of the Eighteenth century the Maratha confederacy achieved its zenith of power ruling over vast territory in western, central and northern India.

**Reason (R)** : The Rajputs supported the Marathas against the Mughals.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Code :**

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
(C) **(A)** is true, but **(R)** is false
(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

Prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये है, एक को कथन **(A)** कहा गया है और दूसरे को कारण **(R)** :

**कथन (A)** : मध्यकालीन भारतीय संस्कृति पर ईरानी और मध्य एसियाई परम्पराओं की गहरी छाप है।

**कारण (R)** : शासक वर्ग ने केवल ईरानी और मध्य एशियाई संस्कृति को संरक्षण दिया।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**26.** निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित <u>नहीं</u> है?

(A) चौसा का युद्ध - जून, 1535

(B) शेरशाह की मृत्यु - मई, 1545

(C) बैरमखान का प्रतिशासन - 1556 से 1560

(D) पुरंदर की संधि - 1665

**27.** निम्नलिखित में से कौनसा एक सिक्का <u>नहीं</u> है?

(A) मुजफ्फरी (B) मुहर (C) आना (D) दो दामी

**28.** निम्नलिखित को कालानुक्रम में व्यवस्थित करें और सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट में से करे :

(i) दाग प्रथा को जारी करना

(ii) दोहरे पद (जात और सवार) को जारी करना

(iii) बारह सूबों की रचना

(iv) दहसाला प्रथा को जारी करना

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iv), (iii)

(B) (ii), (i), (iv), (iii)

(C) (iii), (iv), (i), (ii)

(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**29.** शाहजहाँ के शासन काल के पिछले वर्षों में जब्त प्रथा को दक्षिण में किसके द्वारा स्थापित किया गया?

(A) मुर्शिद कुली खान

(B) शाहजी भोसले

(C) दानिशमंद खान

(D) दिलेर खान

**30.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन **(A)** कहा गया है, और दूसरे को कारण **(R)** :

**कथन (A)** : अठारहवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में मराठा संघ अपनी शक्ति की पराकाष्ठा पर था और पश्चिमी, मध्य और उत्तरी भारत के क्षेत्रों पर उसका राज्य था।

**कारण (R)** : राजपूतों ने मुगलों के विरुद्ध मराठों का समर्थन किया।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

Prepp Your Personal Exam Guide

prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** Given below are two statements, one labelled as Assertion **(A)**, and the other labelled as Reason **(R)** :

**Assertion (A)** : The social, self respect ideological struggle of the Justice Party was to uphold their numerical majority in the society.

**Reason (R)** : The leaders of the Justice Party tried to fight and lead the Non-Brahmin movement.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Code :**

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

**32.** Give the chronological sequence of the annexation of the following States by the British :

(A) Bengal, Marathas, Mysore, Sikhs

(B) Sikhs, Bengal, Marathas, Mysore

(C) Bengal, Mysore, Marathas, Sikhs

(D) Mysore, Bengal, Marathas, Sikhs

**33.** Which is the correct chronology of the following ?

(i) Bombay Darpan of Balasastri Jambekar

(ii) Amrit Bazar Pataika of Sisir Kumar etal

(iii) Marathi of Balagangadhar Tilak

(iv) Digdarshan of Balasastry

**Codes :**

(A) (iii), (iv), (ii), (i)

(B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (i), (iii), (iv), (ii)

(D) (ii), (i), (iv), (iii)

**34.** Match the following Magazines / Newspapers and their Editors :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Dinabandhu | (i) | Dadabai Nouroji |
| (b) | Voice of India | (ii) | Manmohan Ghosh |
| (c) | The Statesman | (iii) | Jyotiba Phule |
| (d) | Indian Mirror | (iv) | Robert Knight |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन **(A)** कहा गया है, और दूसरे को कारण **(R)** :

**कथन (A)** : जॅस्टिश पार्टी के वैचारिक मतभेदों में सामाजिक आत्मसम्मान इस पर निर्भर था कि समाज में वह अपना संख्यात्मक बहुमत को कायम रखें।

**कारण (R)** : जॅस्टिश पार्टी के नेता गैर–ब्राह्मण आंदोलन का नेतृत्व करना चाहते थे।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**32.** निम्नलिखित राज्यों को अंग्रेजों ने किस तिथिक्रम में हड़पा था?

(A) बंगाल, मराठे, मैसूर, सिख  (B) सिख, बंगाल, मराठे, मैसूर

(C) बंगाल, मैसूर, मराठे, सिख  (D) मैसूर, बंगाल, मराठे, सिख

**33.** निम्नलिखित का सही तिथिक्रम क्या है?

(i) बालाशास्त्री जाम्बेकर का बम्बई दर्पण  (ii) सिसिर कुमार घोष तथा अन्य अमृत बाज़ार पत्रिका

(iii) बालगंगाधर तिलक का मराठी  (iv) बालशास्त्री का दिग्दर्शन

**कूट :**

(A) (iii), (iv), (ii), (i)  (B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (i), (iii), (iv), (ii)  (D) (ii), (i), (iv), (iii)

**34.** निम्नलिखित पत्रिकाएं / समाचार पत्रों को उनके सम्पादकों से सुमेलित कीजिए :

(a) दीनबन्धु  (i) दादा भाई नौरोजी

(b) बोईस ऑफ इण्डिया  (ii) मनमोहन घोष

(c) स्टेट्स मैन  (iii) ज्योतिबा फूले

(d) इंडियन मिर्रर  (iv) रौबर्ट नाईट

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** Match the movements / organisations in the princely states with the leaders / princely states and select the correct answer from the code given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Nizams subjects League | (i) | Bahdur yar Jung |
| (b) | Sivapura Satyagraha | (ii) | Nizamat Jung Bahdur |
| (c) | Majlis-i-Ittehad ul Musalmeen party | (iii) | Travancore State |
| (d) | Punnapra Vaylar Satyagrara | (iv) | Mysore State |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**36.** Match List-I with List-II and indicate the correct answer from the code given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Codification of Indian Laws | (i) | William Bentinck |
| (b) | First Governor General of India | (ii) | Lord Irwin |
| (c) | Second Round Table Conference | (iii) | Lord Canning |
| (d) | The Last Governor General of British India | (iv) | Lord Macaulay |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**37.** 'Paramountcy is Paramount' is the statement in the preamble of :
(A) Simon Commission (Indian Statutory Commission)
(B) Butler Commission (Indian States Commission)
(C) Hunter Commission (Indian Education Commission)
(D) Cabinet Mission

**38.** One of the following is not a colonial historiographer.
(A) Judith Brown (B) A.L. Basham (C) Anil Seal (D) V.A. Smith

**39.** 'Ryothu Rakshana Yatra' from Ichapuram to Madras in the Madras presidency was organised in 1937-8 by :
(A) Indian National Congress (B) Andhra Peasants Association
(C) Kisan Sabha (D) Communist Party

**40.** Which of the following is not correctly matched ?
(A) Surendranath Banerjee - India Today
(B) Jawaharlal Nehru - Discovery of India
(C) Subhash Chandra Bose - Fight for Freedom
(D) Pattabhi Seetharamaiah - History of Indian National Congress

Prepp Your Personal Exam Guide

35. सूची-I (देशी राज्यों में आंदोलन / संगठनों) को सुमेलित सूची-II (देशी राज्यों के नेता) से कीजिए और नीचे दिये गए कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | निज़ाम सबजैक्टस लीग | (i) | बहादूर यार जंग |
| (b) | शिवापुरा सत्याग्रह | (ii) | निज़ामत जंग बहादुर |
| (c) | मजलिस-ई-इतिहादी मुसल्मीन पार्टी | (iii) | ट्रैवनकोर राज्य |
| (d) | पुन्नप्र वाईलार सत्याग्रह | (iv) | मैसूर राज्य |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

36. सूची-I से सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भारतीय कानून संहिताकरण | (i) | विलियम बैनटिंक |
| (b) | भारत के प्रथम गवर्नर जनरल | (ii) | लार्ड इरविन |
| (c) | द्वितीय गोल मेज़ सम्मेलन | (iii) | लार्ड कैनिंग |
| (d) | ब्रिटिश कालीन भारत के अंतिम गवर्नर-जनरल | (iv) | लार्ड मैकोंले |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

37. ''सर्वोपरि सत्ता सर्वोच्च है'', यह कथन किसके आमुख में है?
(A) साईमन कमिशन (इंडियन स्टेचूटरी कमिशन)
(B) बटलर कमिशन (इंडियन स्टेट्स कमिशन)
(C) हन्टर कमिशन (इंडियन एज्यूकेशन कमिशन)
(D) कैबिनेट मशीन

38. निम्नलिखित में से एक औपनिवेशिक इतिहासकार नहीं है :
(A) जूडिथ ब्राऊन (B) ए.एल.बाशम (C) अनिल सील (D) वी.ए. स्मिथ

39. 'राईत रक्षणा यात्रा' मद्रास प्रसीडेन्सी में इच्छापुरम से मद्रास तक (1937-38) किसने आयोजित की थी?
(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (B) आँध्र पीजेन्ट एसोसियेशन
(C) किसान सभा (D) कम्यूनिस्ट पार्टी

40. निम्नलिखित में से कौनसा गलत सुमेलित किया गया है?
(A) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी - ईंडिया टुडे
(B) जवाहरलाल नेहरू - डिस्कवरी ऑफ इंडिया
(C) सुभाष चन्द्र बोस - फाईट फार फ्रीडम
(D) पट्टाभि सीतारामय्या - हिस्ट्री ऑफ इंडियन नेशनल काँग्रेस

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** Who among the following was <u>not</u> associated with Arya Samaj ?

(A) Dayananda Saraswati (B) Lala Hansraj
(C) Pandit Haradayal (D) Lala Lajpat Rai

**42.** One of the following was <u>not</u> associated with social reform movement.

(A) Behramji Malabari (B) Mohandas Karamchand Gandhi
(C) Iswarchand Vidyasagar (D) R.C. Dutt

**43.** 'Hind Swaraj' was written by Gandhi while,

(A) travelling from England to India by ship
(B) in Sabarmati ashram
(C) travelling from England to South Africa by ship
(D) leading champaran satyagraha

**44.** The British took over the following area for the Payment of arrears for Hyderabad contingency and retained it till 1947.

(A) Berar (B) Raichur, Osmanabad and Berar
(C) Ceded districts (D) Northern Circars

**45.** One of the following is <u>not</u> oral evidence :

(A) Interviews
(B) Tape Recording of events
(C) Private papers of individuals
(D) extracting oral evidence through coercive methods

**46.** Such judgements as :
"Facts are sacred, opinion is free" allude to giving primacy to :

(A) Facts over historian (B) Oral history over written history
(C) Interpretation over facts (D) Fact over fiction

**47.** Which of the following is <u>not</u> the secondary source ?

(A) <u>Ashoka and the Decline of Mauryan Empire</u>
(B) <u>Peasant State and society in Medieval South India</u>
(C) <u>Rulers, Townsmen and Bazars</u>
(D) <u>Travels in the Mughal Empire</u>

**48.** Humurabi's code belongs to :

(A) Roman civilization (B) Greek civilization
(C) Babylonian civilization (D) Chinese civilization

**49.** The Russian Social Democratic Party was founded by :

(A) Karl Marx (B) Lenin
(C) Melenkov (D) George Phekhanov

**50.** Mustafa Kamal Pasha terminated the concept of theocratic state in Turkey in the year :

(A) 1927 (B) 1930 (C) 1925 (D) 1937

- o O o -

**41.** निम्नलिखित में से कौन आर्य समाज के साथ सम्बद्ध नहीं था ?

(A) दयानन्द सरस्वती (B) लाला हंसराज

(C) पंडित हरदयाल (D) लाला लाजपत राय

**42.** निम्नलिखित में से एक समाज सुधार आंदोलन से जुड़ा नहीं था :

(A) बहरामजी मालाबारी (B) मोहनदास करमचन्द गाँधी

(C) ईश्वरचन्द विद्यासागर (D) आर.सी.दत्त

**43.** गाँधी ने 'हिन्द स्वराज' की रचना की थी जब वह –

(A) इंगलैंड से भारत जहाज़ से सफर कर रहे थे।

(B) जब वह साबरमती आश्रम में थे।

(C) जहाज़ के ज़रिये इंगलैंड से दक्षिण अफ्रीका जा रहे थे।

(D) जब वह चम्पारन आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**44.** निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र हैदराबाद कंटिनजैन्सी के बकाया राशी के न अदा करने पर अंग्रेजों द्वारा अधिकार में कर लिया गया था और यह कब्जा 1947 तक कायम रहा।

(A) बेरार (B) रायचुर, उस्मानाबाद एवं बेरार

(C) सीडेड डिस्ट्रिक्ट्स (D) उत्तरी सरकार

**45.** निम्नलिखित में से एक मौखिक सबूत नहीं है :

(A) साक्षात्कार (B) घटनाओं का टेपरिकार्ड

(C) व्यक्तियों के निजी – संग्रह (D) बलप्रयोग तरीकों से मौखिक सबूत निकलवाना

**46.** ''तथ्य पवित्र है पर मत स्वतंत्र है'' इस प्रकार के फैसले निम्न में से किस तथ्य को महत्व देते है ?

(A) इतिहासकारों पर तथ्यों को (B) लिखित इतिहास पर मौखिक इतिहास

(C) तथ्यों पर व्याख्या करना (D) मिथ्य पर तथ्यों का

**47.** निम्नलिखित में से कौनसा एक द्वितीय कोटि के स्त्रोत नहीं है ?

(A) 'अशोका एंड दी डिक्लाईन ऑफ मौर्यन 'एम्पायर'

(B) 'पीजेन्ट स्टेट एंड सोसाइटी इन मेडिविल साऊथ इण्डिया'

(C) रूलर्स, इण्डिया टाऊन्समैन एंड बाज़ार्स

(D) 'ट्रैविल्स इन दी मुगल एम्पायर'

**48.** हम्मूराबी के नियम किस सभ्यता के थे ?

(A) रोम की सभ्यता (B) ग्रीस की सभ्यता

(C) बैबीलोन की सभ्यता (D) चीन की सभ्यता

**49.** रूस में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना किसने की थी ?

(A) कार्ल मार्क्स (B) लेनिन (C) मेलिनकौव (D) जॉर्ज फैकानौव

**50.** टर्की में धर्मतान्त्रिक राज्य को मुस्तफा कमाल पाशा ने किस वर्ष में समाप्त किया था ?

(A) 1927 (B) 1930 (C) 1925 (D) 1937

- o O o -